तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

# हरिभूमि बालोद भूमि

रायपुर, शनिवार 22 मार्च 2025



13 बोर्ड पैटर्न में हो रही परीक्षा, बालक के साथ पालक व शिक्षक ...





12 बाल विवाह बच्चों के अधिकारों का निर्मम ...






## खबर संक्षेप

### नपं उपाध्यक्ष और कलेक्टर में विकास कार्यों को लेकर चर्चा



**गुण्डरदेही।** नगर पंचायत आने पर बुधवार को कलेक्टर इंद्रजीत चंद्रवाल का नगर पंचायत उपाध्यक्ष विजय सोनकर, पार्षद गण एवं गुण्डरदेही एसडीएम, मुख्य नगर पालिका अधिकारी व अन्य जनप्रतिनिधिओं ने स्वागत किया। इस दौरान नगर पंचायत उपाध्यक्ष विजय सोनकर ने नगर में विकास कार्य को लेकर कलेक्टर से चर्चा की। साथ ही नगर में हो रही पानी की समस्या व प्रमुख चौक चौराहे पर चरमराई ट्रैफिक व्यवस्था से अवगत कराया। जिस पर कलेक्टर ने जल्द ही व्यवस्था सुधारने का आश्वासन दिया।

## मौसम

# मौसम ने ली करवट, आसमान में छाए बादल, तेज अंधड़ के भी लगे थपेड़े

### कई जगहों में हुई हल्की बुंदा बांदी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

जिला मे शुक्रवार को सुबह से ही मौसम ने करवट ली और आसमान मे घने बादल नजर आने लगे और जिले के कई जगहो मे हल्की बुंदा बांदी भी देखने को मिली। जहां सुबह हल्की बुंदा बांदी से प्रारंभ हुआ दिन दोपहर आते आते तेज हवाओ और आंधी तुफान देखने को मिला जहां दोपहर के बाद भी हल्की बुंदा बांदी जिला मुख्यालय मे देखने को मिली। वही लोग गर्मी मे अचानक हल्की बुंदा बांदी से बचने छाता लेकर आते जाते दिखे।

**मौसम हुआ सुहावना :** वही गर्मी के प्रचंड रूप की शुरूवात होने के बाद अचानक मौसम मे बदलाव आने से मौसम सुहावना हो गया है जिससे गर्मी से लोगो को थोड़ी बहुत राहत मिलने की संभावना बनी हुई है।





### सब्जी भाजी के लिए नुकसानदायक

वही यह बारिश सब्जी भाजी की फसल लगाने वालो के लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है क्योकि अचानक बारिश होने से सब्जी के सफल खराब होने के साथ उनमे कीड़े लगने तथा फसल खराब होने की संभावना बढ़ जाती है ऐसे मे जहां धान की फसल लगाने वाले किसान धान फसल बचाने के लिए वर्षा की प्रार्थना कर रहा है वही दूसरी ओर सब्जी भाजी की फसल लगाने वाले किसान वर्षा न होने की प्रार्थना करते दिख रहा है।

### बादल देख किसान कर रहे बारिश की आस

जहां एक ओर गर्मी फसल मे किसानो द्वारा लगाए गए धान के फसल को पर्याप्त पानी न मिलने के कारण कई बोर बंद होने व फसल खराब होने की खबरें आ रही है वही दूसरी ओर बदलते मौसम मे इस बार किसान वर्षा होने की प्रार्थना करते नजर आ रहा है और किसानो मे यह चर्चा भी है कि जहां पूर्व सालो मे दीपावली के बाद एक दो बार बीच मे वर्षा होती ही थी जिससे जल स्तर बनाये रखने मे मदद मिलती रहती थी, लेकिन इस वर्ष दीपावली के बाद एक भी बार वर्षा न होने के कारण किसानो की दिक्कतें और बढ़ गई है और किसान इस गर्मी के मौसम मे खराब होते मौसम को देखकर वर्षा की प्रार्थना करते दिख रहा है।

# जिले की तीन अंग्रेजी शराब दुकानें होंगी स्थानांतरित

- दुकानों की संख्या नहीं बढ़ेगी, पर कवर एरिया बढ़ेगा
- मोहंदीपाट, पिनकापार एवं हल्दी में होंगी स्थानांतरित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

जिले की तीन अंग्रेजी कम्पोजिट दुकानों को अन्यत्र स्थानांतरित किया जा रहा है। कई स्थानों में देशी व अंग्रेजी दोनों दुकानें संचालित हैं। वहां से अंग्रेजी दुकान को हटाकर अन्य ग्रामों में जहां पहले शराब की कोई दुकान नहीं थी, खोलने की तैयारी है। इससे शराब दुकानों की संख्या तो वही रहेगी, लेकिन कवर एरिया बढ़ जाएगा। सुरा प्रेमियो को नजदीक में ही सरकारी दर पर शराब मिलने लगेगी। इससे अवैध शराब की बिक्री रुकेगी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के गुण्डरदेही में संचालित विदेशी कम्पोजिट मदिरा दुकान को मोहंदीपाट में खोला जाएगा। उसी प्रकार डौण्डीलोहारा की विदेशी कम्पोजिट मदिरा दुकान को पिनकापार में एवं गुरूर से हल्दी में स्थानांतरित किया जाना प्रस्तावित है। गुण्डरदेही, डौण्डीलोहारा एवं गुरूर मे वर्तमान मे देशी व अंग्रेजी दोनों दुकानें संचालित हैं। इनमे से अंग्रेजी दुकानों को उन स्थानों पर स्थानांतरित करना प्रस्तावित है। वर्तमान में कोई दुकान नहीं है। उन ग्रामों से सरकारी शराब दुकान की दूरी 20 से 25 किलोमीटर है। इन विदेशी कम्पोजिट मदिरा दुकानों में अंग्रेजी के साथ देशी शराब भी उपलब्ध होगी। वही डौण्डीलोहारा, गुरूर व गुण्डरदेही में एक एक दुकानें ही संचालित होगी। ये देशी दुकानें भी कम्पोजिट होगी, इससे इन ▸▸| शेष पेज 12 पर

# पंचायत प्रतिनिधि व ग्रामीण मिले डिप्टी सीएम साव से



- सतनामी समाज भेण्ड्रा ने मिनी माता मूर्ति अनावरण के लिए दिया आमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

ग्राम पंचायत भेण्डरा आश्रित ग्राम बखरिया खपरी में डिप्टी सीएम अरूण साव को मुख्य अतिथि के रुप में आमंत्रित करने के लिए 19 मार्च को ग्रामीणों ने विधानसभा परिसर में उनसे मुलाकात की।

जिला पंचायत सदस्य कांती सोनेश्वर, जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चन्द्राकर, उपाध्यक्ष तोमन लाल साहू, जनपद पंचायत सदस्य देविका भुनेश्वर बंजारे, जनपद अध्यक्ष पुरुषोत्तम चन्द्राकर, उपाध्यक्ष नीतिश मोटी यादव का सम्मान समारोह एवं सतनामी समाज भेण्ड्रा द्वारा मिनी माता मूर्ति अनावरण समारोह ग्राम पंचायत भेण्ड्रा व ग्रामीणों द्वारा आयोजित किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रुप में उपमुख्यमंत्री अरूण साव को आमंत्रित करने के लिए 19 मार्च को विधायक डोमनलाल कोर्सवाड़ा के मार्गदर्शन एवं सहयोग से विधानसभा परिसर में आमंत्रण सौंपा गया। आमंत्रण पत्र को स्वीकार करते हुए उनके द्वारा कार्यक्रम में अप्रैल में आने का आश्वासन दिया गया है। जिसमे पंचायत पदाधिकारी सरपंच माधुरी केवल साहू, उपसरपंच तरूण कुमार, पंच सोनी साहू, हेमीन कोसरे, बसंती कोसरे, ललिता साहू, पूर्णिमा साहू, ऋशि निशाद, सीमा देशलहरे, कम्प्यूटर ऑपरेटर रेशमी गायकवाड़, रोजगार सहायक कमलेश्वरी गायकवाड़, भृत्य मोहन कोसरे, सरपंच पुत्री आराध्या साहू, ग्रामीण गणेश राम देशलहरे, पूर्व सरपंच कुमार यादव ▸▸| शेष पेज 12 पर

# निर्माणाधीन प्रधानमंत्री आवास का निरीक्षण



- पात्र हितग्राही आवास प्लस सर्वे में कर सकते हैं आवेदन : जिपं सीईओ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने जनपद पंचायत बालोद के सुदूर वनांचल के ग्राम मुल्लेगुड़ा के प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही तुलसी राम, रधिया बाई, सोनार सिंह, हिरोंदा एवं घसनीन बाई तथा डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम पंचायत घोटिया, पचेड़ा एवं भर्रीटोला में चल रहे प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन आवासों का औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए 30 मार्च के पूर्व वित्तीय वर्ष 2024–25 के समस्त निर्माणाधीन आवासों का स्तरवार एवं ग्राम पंचायतवार एक विशेष ▸▸| शेष पेज 12 पर

### पक्का आवास देने सर्वे जारी

इस दौरान सीईओ डॉ. कन्नौजे ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत जिले में छूटे हुए पात्र परिवारों को पक्का आवास प्रदान करने के लिए आवास प्लस 2024 मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से सर्वेक्षण का कार्य जारी है। इसका उद्देश्य बालोद जिला क्षेत्रन्तर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत में पात्र परिवारों की पहचान कर उन्हें आवास प्लस सूची में शामिल किया जाना है। सर्वे हेतु ग्राम पचांयत सचिव, ग्राम रोजगार सहायक और आवास मित्र को प्रगणक नियुक्त किया गया है, जो आवास प्लस ऐप के माध्यम से सर्वेक्षण कर रहे है। इसके साथ ही पात्र हितग्राही स्वयं भी आवास ▸▸| शेष पेज 12 पर




# भरी गर्मी में गांव की शोभा बनीं मिशन की टंकियां, काम छोड़ ठेकेदार हो गए गायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

भीषण गर्मी में पेयजल की समस्या गांव में सामने आने लगी है। लेकिन संकट के समय करोडों रूपए खर्च अमृत मिशन से बनाई गई टंकियों से सप्लाई शुरू नही हो सकी हैं। बोरवेल्स के भरोसे सप्लाई हो रही है। लेकिन गांव में अप इलाको में बोर का पानी नही पहुंच रहा है। ऐसे में पर्याप्त पानी के लिए ग्रामीण टंकियों से सप्लाई की मांग कर रहे हैं। जिले में ठेकेदारों को कार्य के बाद राशि का भुगतान नही होने के कारण वे रूचि नही ले रहे हैं। ऐसे में टंकी से पाइप लाइन जोडने का कार्य ठप हैं। समोदा के ग्रामीणों ने बताया कि, टंकी बनाने के बाद सप्लाई शुरू नही की गई हैं। यहां ग्राम पंचायत के पुराने बोरवेल्स से सप्लाई हो रही है। लेकिन पर्याप्त नही हैं। जिसके चलते यहां टैकरों से ग्राम पंचायत पानी की सप्लाई कर रही हैं। यही हाल नगपुरा का भी है, जहां टंकी बनने के बाद सप्लाई शुरू नही हो सकी हैं। जलजीवन मिशन के तहत अधूरा कार्य कर ठेकेदार गायब हो गए है। टंकियां बनने के बाद पाइप लाइन भी बिछाई गई हैं। कई जगह टंकी भरने बोरवेल्स किया गया है। इस बोरवेल्स को टंकी के पाइपलाइन में जोडने कार्य रह गया है। सूत्रों ने बताया कि, जल जीवन मिशन के तहत राशि का भुगतान नही होने से ठेकेदार नाराज हैं और वे काम छोड गायब हो गए है। हालात यह है कि, पीएचई विभाग के लिए चुनौती बढ गई है। टंकी में पाइप लाइन नही जुडने के कारण टेस्टिंग कार्य नही हो सका हैं। गर्मी में लोगों को राहत देने के लिए ही करोडो रूपए खर्च कर मिशन में कार्य कराया गया है। लेकिन संकट में ही राहत नही मिल रही हैं।

### जिले के 160 से अधिक गांव में टंकी का उपयोग नहीं

जिले के 385 गांव में मिशन के तहत पेयजल पहुंचाना है। इसमें करीब 201 गांव ऐसे है, जहां पाइप लाइन बिछ गई। लेकिन पानी का श्रोत नही होने के कारण अब यहां नदी के पानी को फिल्टर कर सप्लाई किया जाएगा। पीएचई विभाग का दावा है कि इस साल दिसंबर तक कार्य पूरा होगा। ऐसे में दो सौ से अधिक गांव में इस साल ग्रामीणों को राहत नही मिलेगी। सवा दो सौ गांव जहां जलस्तर डाउन होने से पानी की समस्या बनी हैं। इस समस्या के निराकरण के लिए यहां सात नल जल समूह बनाया गया हैं, जिसमें 225 गांव दायरे में आ रहा है। यानि नदी से संपवेल बनाकर ऐसे गांव में पानी पहुंचाना है।


नगपुरा की टंकी से सफलाई शुरू नहीं

### जिले के 385 गांव में से डेढ़ सौ से अधिक गांव में टंकियां से सप्लाई नहीं

### कई जगह टंकी बनी, लेकिन पाइप लाइन नहीं बिछी

जानकारी अनुसार नगपुरा, महमरा, बोरई जैसे गांव में टंकी तो बन गई। लेकिन यहां पाइप लाइन नही बिछी हैं। नगपुरा के पूर्व पंच बलराम कौशिक ने बताया कि, विभाग ने टंकी तो बना दिया। लेकिन पाइप लाइन नही बिछाया हैं। मिशन के तहत 385 गांव शामिल है। इसमें 281 गांव टंकी का निर्माण करना था। जिसमें अभी भी करीब 80 टंकी का निर्माण पूरा नही किया गया है। वही 167 गांव में पानी की सप्लाई अब तक शुरू नही हुई हैं। एई पीएस ठाकुर का कहना है कि, भुगतान की समस्या होने के कारण ठेकेदार काम में रूचि नही दिखा रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### जामुल सीमेंट वर्क्स के संपूर्ण क्षेत्र संरक्षित घोषित

दुर्ग। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अभिजीत सिंह ने छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम की धारा-26 (1)(2) के अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा जिला मजिस्ट्रेट को दी गई अधिकारिता के अनुसार जामुल सीमेंट वर्क्स जिला दुर्ग की संपूर्ण क्षेत्र को एक वर्ष अवधि के लिए संरक्षित क्षेत्र घोषित किया है। जिला दण्डाधिकारी के आदेशानुसार उक्त संरक्षित क्षेत्र में विधि द्वारा अधिकृत व्यक्तियों एवं आवेदक द्वारा प्रवेश करने के लिए अधिकृत व्यक्तियों को छोड़कर अन्य व्यक्तियों का उक्त क्षेत्र में प्रवेश प्रतिषिद्ध रहेगा। यह आदेश, जारी तिथि 17 मार्च 2025 से अधिकतम एक वर्ष के लिए लागू रहेगा। इस आदेश में जिला मजिस्ट्रेट द्वारा आवश्यकतानुसार परिवर्तन किया जा सकेगा।

### 6वीं कक्षा में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 30 मार्च को

दुर्ग। पंडित जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना अंतर्गत 30 मार्च 2025 को समय दोपहर 12 बजे से प्रयास आवासीय विद्यालय मालवीय नगर चौक दुर्ग में 6वीं की कक्षा में प्रवेश हेतु प्राक्कचयन परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास के अनुसार अनुसूचित जाति/जनजाति के छात्र-छात्राएं जो ग्रामीण-नपं क्षेत्र में निवासरत तथा 5वीं अध्ययनरत है।

### सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए 7.30 लाख स्वीकृत

दुर्ग। कलेक्टर ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजनांतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए दुर्ग ग्रामीण विधानसभा अंतर्गत दो कार्यो के लिए 7 लाख 30 हजार रूपए की स्वीकृत दी है। जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा द्वारा अनुशंसित उक्त कार्य का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी जनपद पंचायत दुर्ग मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा की जाएगी। ग्राम कोटनी में राजेन्द्र निषाद घर से पीलू निषाद घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए 3 लाख 20 हजार रूपए और ग्राम महमरा में कमलेश निषाद घर से स्कूल तक सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए 4 लाख 10 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

### नेशनल गेम्स में तीरंदाजों ने जीता स्वर्ण पदक



राजनांदगांव। छत्तीसगढ़ के तीरंदाजों ने एक बार फिर राज्य का नाम रौशन किया है। ओडिशा के राउरकेला में आयोजित 7वें नेशनल मास्टर्स गेम्स 2025 में राज्य के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। हिरू साहू और वनीता साहू ने स्वर्ण पदक जीते। जबकि अजेन्द्र तांडेकर ने रजत पदक हासिल किया। यह जीत उनके असाधारण कौशल, समर्पण और उत्कृष्टता की अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है। इनकी सफलता के पीछे महीनों की कड़ी मेहनत और प्रशिक्षण है, जिसे आईबी ग्रुप के साथ और भी मजबूती मिली। प्रोटीन फॉर ऑल पहल के तहत आईबी ग्रुप भारतीय एथलीटों को सहयोग देता आ रहा है। इससे पहले कंपनी ने अंतर्राष्ट्रीय पैरा एथलीट श्रिमंत झा को भी सहयोग किया था, जिन्होंने नॉर्वे ओपन पैरा आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप में भारत के लिए रजत पदक जीता था। साथ ही पैरा आर्म रेसलिंग की नेशनल चैंपियनशिप में आईबी ग्रुप के सहयोग से 38 अन्य पैरा आर्म रेसलरों ने 54 पदक जीतकर छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित किया।

### आयोजन : बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ को लेकर कार्यशाला

# बाल विवाह बच्चों के अधिकारों का निर्मम उल्लंघन, रोकने की ली शपथ





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

जिला पंचायत सभाकक्ष में 20 मार्च को बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ के संबंध में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कनौजे ने बाल विवाह की रोकथाम में सहयोग करने सभी अधिकारी–कर्मचारियों एवं उपस्थित सामाजिक कार्यकर्ताओं को शपथ भी दिलाई गई। कार्यशाला में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, महिला बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला बाल विकास अधिकारी के अलावा परियोजना अधिकारी एवं पर्यवेक्षक तथा पुलिस विभाग के थाना प्रभारी, समाज



प्रमुख, स्वैच्छिक संगठन के सदस्यगण उपस्थित थे। कार्यशाला में राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर विपिन ठाकुर ने बाल विवाहमुक्त छत्तीसगढ़ के संबंध में आवश्यक जानकारियां दी। बाल विवाह बच्चों के अधिकारों का निर्मम उल्लंघन है। बाल विवाह से बच्चे के पूर्ण और परिपक्व व्यक्ति के रूप में विकसित होने के अधिकार, अच्छा स्वास्थ्य, पोषण व शिक्षा पाने और हिंसा, उत्पीड़न व शोषण से बचाव के मूलभूत अधिकारों का हनन होता है। कम उम्र में विवाह से बालिका का शारीरिक विकास रूक जाता है। गंभीर संक्रामक यौन बीमारियों के चपेट में आने का खतरा बढ़ जाता है और उनके स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ता है। जल्दी विवाह अर्थात जल्दी माँ बनना। इसके कारण कम उम्र की माँ और उसके बच्चे, दोनों की जान और सेहत खतरे में पड़ जाती है। कम उम्र में प्रजनन अंगो के पूर्ण विकसित नहीं होने से गर्भपात का खतरा बढ़ जाता है। कम उम्र की माँ के नवजात शिशुओं का वजन कम रह जाता है, इसके साथ ही उनके सामने कुपोषण व खून की कमी की भी ज्यादा आशंका रहती है। बाल विवाह की वजह से बहुत से बच्चे अनपढ़ और अकुशल रह जाते हैं जिससे उनके सामने अच्छे रोजगार पाने और बड़े होने पर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होने की ज्यादा संभावना नहीं बचती।

### हेल्प लाइन में दें सूचना

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि बाल विवाह की सूचना अनुविभागीय दण्डाधिकारी, पुलिस थाना, महिला एवं बाल विकास विभाग के क्षेत्रीय अधिकारी–कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सरपंच, कोटवार के अलावा चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर 1098 तथा महिला हेल्प लाइन नंबर 181 को भी दी जा सकती है।

### गौमाता संक्रमित होकर हो रहे बीमार

# गौठान में अव्यवस्था की कलेक्टर से की गई शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग



■ गौशाला में चिकित्सा की कोई उचित सुविधा नहीं

गौठानों की देखरेख नही होने के कारण यहां अव्यवस्था की स्थिति निर्मित हैं।

मवेशियों को चारा देने व उनके देखरेख के लिए जिम्मेदारी की तैनाती तक यहां नही की गई है। जिसके चलते मवेशियों की हालात खराब हो रही हैं। भारतीय जनता युवा मोर्चा, छत्तीसगढ़ के प्रदेश सह कोषाध्यक्ष एवं पूर्व दुर्ग जिलाध्यक्ष नितेश साहू ने कोसानाला भिलाई नगर रेलवे स्टेशन के समीप स्थित गौठान में व्याप्त अव्यवस्था के कारण हो रही गौमाता की मृत्यु पर प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने दुर्ग कलेक्टर अभिजीत सिंह को ज्ञापन सौंपकर गौठान की व्यवस्था दुरुस्त करने के साथ ही उसका संचालन करने वाले के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने आग्रह किया है। नितेश साहू ने बताया कि, राज्य की पिछली कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में गौठान निर्माण की योजना की शुरुआत हुई थी। जिसके अंतर्गत कोसानाला भिलाई नगर रेलवे स्टेशन के समीप गौठान निर्माण हुआ जो कि, किसी निजी संस्था अथवा समूह के द्वारा संचालित होता आ रहा है, उक्त गौठान पूरी तरह से अव्यवस्थित रूप से संचालित हो रहा है। जहां गौमाता के बैठने रहने और भोजन की कोई उचित व्यवस्था नहीं की गई है। गौठान का निर्माण गौमाता के संरक्षण और उनके भोजन चिकित्सा की आवश्यकता को पूर्ण करने के लिए किया जाता है।

यह गौठान जहां न कोई सीमेंटीकरण हुआ है न कोई शेड है न गौ माता के बैठने की व्यवस्था है न खाने की व्यवस्था है। चिकित्सा के लिए कोई देखने वाला नहीं है। पूरा गौठान गंदगी से भरा हुआ है। चारा की व्यवस्था ना पीने के पानी की व्यवस्था है और भारी गंदगी की वजह से गौमाता संक्रमित होकर बीमार हो रही है। जिसके उपचार के लिए कोई उचित चिकित्सा की व्यवस्था भी नहीं है।

# निरीक्षण में पहुंचे आयुक्त बच्चों को देख पढ़ाने लगे


फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत संचालित शासकीय कन्या विद्यालय सुपेला में नवनिर्मित बैडमिंटन कोर्ट एवं सामुदायिक भवन को आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, जोन-2 जोन आयुक्त येशा लहरे एवं अधिकारियों को लेकर निरीक्षण करने पहुंचे। स्कूल परिसर में समग्र शिक्षा अभियान के तहत भवन निर्माण 8 लाख की लागत एवं महापौर निधि से बच्चों के खेलने के लिए मल्टीपरपस नवीन बैडमिंटन कोर्ट बनाया गया है। जिसका उपयोग स्कूल के बच्चों द्वारा किया जायेगा। स्कूल के शिक्षक के साथ चर्चा करते हुए आयुक्त ने जोन आयुक्त को कार्यो को शीध्र ही पूर्ण कराने निर्देशित किए।

### बच्चों से की चर्चा

आयुक्त पांडेय ने देखा क्लास रूम में परीक्षा होने के कारण तीसरी, चौथी कक्षा के बच्चों की पढ़ाई स्कूल में बने मंच पर बैठाकर कराई जा रही थी। कौतुहलवश सब लोग बच्चो के बीच पहुंच गये और बच्चो से पढ़ाई के बारे में चर्चा करने लगे, क्या पढ़ रहे हो, समझ में आ रहा है कि नहीं। होमवर्क कौन-कौन करके आता है, घर में जाकर कौन-कौन पढ़ाई करता है आदि के बारे में बच्चो से चर्चा किये और उनसे सवाल-जवाब भी किये। बच्चो से जब सवाल किया गया, वृत किसे कहते है, कौन बनाकर बतायेगा। कोई हाथ नहीं खड़ा कर रहा था, जबकि देखा गया कुछ बच्चे अपने कापी में बना लिए थे। आयुक्त ने शिक्षिका से कहा कि बच्चो में आत्म विश्वास की कमी है, उन्हे प्रोत्साहित किया करें। जानते हुए भी बच्चे जवाब देने में डर रहे है। बच्चों को बेझिझक होकर अपनी बातों को कहना चाहिए, जिससे उनका मनोबल बढ़ता है।

■ नवनिर्मित बैडमिंटन कोर्ट व सामुदायिक भवन का आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने किया निरीक्षण

### शौचालय व निर्माण कार्य का निरीक्षण

आयुक्त ने वार्ड में हो रहे निर्माण, सफाई, शौचालय आदि का निरीक्षण किये। स्थानीय नागरिको से कार्यो के बारे में फीड बैक लिए। अनावश्यक रूप से कुछ जगहो पर स्ट्रीट लाईट जल रहा था, उसे बंद कराने के लिए सभी जोन आयुक्त को निर्देशित किये। किसी भी प्रकार से कोई भी लाईट दिन के समय जलते नहीं दिखना चाहिए। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता अरविंद शर्मा, सहायक अभियंता श्वेता वर्मा, जनसम्पर्क अधिकारी अजय शुक्ला, जोन सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा, जोन स्वच्छता निरीक्षक अंजनी सिंह आदि उपस्थित रहे।

# सभापति ने पूजा अर्चना कर संभाली कुर्सी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

परंपरागत विधि विधान के तहत पूजा अर्चना कर सभापति श्याम शर्मा ने पदभार ग्रहण कर लिया हैं। नवनिर्वाचित सभापति श्याम शर्मा ने नगर निगम मुख्यालय में सभापति कार्यालयीन कक्ष में मुख्यातिथि विधायक गजेंद्र यादव, महापौर अलका बाघमार व जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक की मौजूदगी में पंडित द्वारा किये गये वैदिक मंत्रोच्चार एवं शंख ध्वनि के मध्य पूजा अर्चना की। इस मौके पर सभापति श्याम शर्मा ने कहा कि, यह मेरे लिए गर्व, सम्मान और बड़ी जिम्मेदारी का क्षण है।

शहर के विकास और जनता की सेवा के लिए पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध हूं। सभी के साथ मिलकर शहर को और भी स्वच्छ, सुंदर और समृद्ध बनाएंगे। इस अवसर पर निगम सभापति श्याम शर्मा को विधायक, महापौर, भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने सभापति के कक्ष का फीता काटकर कुर्सी पर विराजमान कर उन्हें उनके सभापति कार्यकाल की बधाई दी। सभी नवनियुक्त



एमआईसी सदस्य देवनारायण चन्द्राकर,नरेंद्र बंजारे, लीना दिनेश देवांगन, नीलेश अग्रवाल, ज्ञानेश्वर ताम्रकर,चं द्रशेखर चन्द्राकर, मनीष साहू, काशीराम कोसरे, हर्षिका संभव जैन, शशि साहू, शिव नायक, लीलाधर पाल, पार्षद सुरिचि उमरे, सावित्री देवी दमाहे, गुलशन साहू, कूलेश्वर साहू, रेशमा सोनकर, ललिता ठाकुर, सरिता चंद्रकार, कमल देवांगन सहित निगम अधिकारियों,कर्मचारियों, वरिष्ठ नेतागण, गणमान्यजनों, सामाजिक एवं भाजपा संगठनों के पदाधिकारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, महिलाओं, नवयुवकों ने बुके, प्रदत्त करते हुए हार्दिक शुभकामनाएं दी।

## पेज 11 के शेष

### जिले की तीन ...

देशी दुकानों मे अंग्रेजी शराब भी उपलब्ध होगी। जिन क्षेत्रों मे अंग्रेजी कम्पोजिट दुकाने खोलना प्रस्तावित है। उन स्थानों में लंबे समय से अवैध शराब विक्रय की शिकायतें थीं। इससे उन क्षेत्रों में जहां जगह- जगह शराब विक्रय से क्षेत्र का माहौल खराब हो रहा था।

### पंचायत प्रतिनिधि व ...

पूनमचंद धनकर, हरिशचंद्र साहू, कृष्णा साहू, निर्मल निशाद, सुरेन्द्र निशाद, पवन धनकर, पदुम आडिले, नारायण सिंह धनकर, ढेलू राम निशाद, रामचंद्र साहू, पन्नालाल कोसरे, अवधराम धनकर, रोमलाल साहू, टिकेन्द्र चतुर्वेदी, छगन सोनी, निर्मल कोसरे, पन्नालाल कोसरे, अलखराम सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

### निर्माणाधीन प्रधानमंत्री ...

कार्ययोजना बनाकर निर्धारित समयावधि में 90 मानव दिवस की राशि प्रदान कर उक्त आवासों को पूरा कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही प्रथम किश्त अंतरण पश्चात अप्रारंभ आवासों के लाभार्थियों से समन्वय स्थापित कर यथाशीघ्र आवास निर्माण प्रारंभ कर निर्धारित समयावधि में पूरा कराने को कहा।

### पक्का आवास देने ...

प्लस एप्लिकेशन डाउनलोड कर सर्वेक्षण कर सकते है। किसी भी पात्र परिवार का नाम यदि छूट जाता है तो वह संबंधित ग्राम पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सहायक से संपर्क कर अपना सर्वे करा सकते है।

**शुल्क मांगने पर करें शिकायत:** उन्होंने बताया कि शासन ने सर्वेक्षण हेतु 31 मार्च को अंतिम तिथि निर्धारित की है। सर्वे पूरी तरह निःशुल्क है तथा इसमें किसी भी प्रकार के शुल्क का कोई प्रावधान नहीं है। यदि कोई सर्वेक्षण के लिए शुल्क की मांग करता है तो इसकी तत्काल शिकायत करें।

### सदस्य और अधिकारी ने विभागवार बजट पर किया चर्चा

# बजट प्रस्ताव पर बनी सहमति, अब दुर्ग नगर निगम की सामान्य सभा में होगा पेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

वर्ष 2025-26 के शहरीय बजट के लिए नगरनिगम में एमआईसी की बैठक गुरूवार को माहापौर अल्का बाघमार की अगुवाई में आहुत की गई थी। बैठक में विभागों से आए प्रस्ताव पर चर्चा किए जाने के बाद सहमति भी बनाई गई है। अब इस प्रस्ताव को सामान्य सभा में रखा जाएगा। बहरहाल अभी सामान्य सभा की तिथि तय नही हुई हैं। लेकिन मार्च में ही बजट पेश किया जाएगा। शहरीय बजट के लिए एमआईसी सदस्यों ने विभागवार प्रस्ताव मंगाए थे। इस प्रस्ताव को गुरूवार को एमआईसी में रखा गया। जहां विभागवार चर्चा के बाद इसे सामान्य सभा में रखने पर सहमति बनी हैं। उल्लेखनीय है कि, महापौर अल्का बाघमार द्वारा विगत दिनों व्यापारी व निजी संस्थान प्रमुखों से बजट के लिए प्रस्ताव मांगे गए थे। जिसमें डेढ सौ से अधिक सुझाव बजट के लिए मिले थे। गुरूवार को महापौर परिषद की



बजट बैठक में महापौर अलका बाघमार की अध्यक्षता में बुलाई गई। नगर निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल, सभापति श्याम शर्मा व महापौर परिषद के समस्त एमआईसी नरेंद्र बंजारे, देवनारायण चन्द्राकर, लीना दिनेश देवांगन, चंद्रशेखर चन्द्राकर, काशीराम कोसरे, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, मनीष साहू, नीलेश अग्रवाल, शशि साहू, हर्षिका संभव जैन, शिव नायक, लीलाधर पाल की उपस्थिति में बजट विचारार्थ प्रस्तुत किया। उसके बाद बजट को सामान्य सभा में रखा जाएगा। इस दौरान महापौर परिषद के सदस्य सहित निगम उपयुक्त मोहेंद्र साहू, कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम, कार्यपालन अभियंता वीपी मिश्रा, कार्यपालन अभियंता आरके जैन, सहायक अभियंता गिरीश दिवान,बाजार अधिकारी संजय ठाकुर, सहायक अभियंता राजेन्द्र ढाबाले, लेखाधिकारी रमाकांत शर्मा, राजस्व अधिकारी आरके बोरकर,स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, कर्मशाला अधीक्षक शैएब अहमद एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

### पार्षदों की समिति गठित नहीं

नगरनिगम के बारह विभाग के अनुसार प्रत्येक विभाग में आधा दर्जन पार्षदों को सदस्य बनाना है। बजट के पहले पार्षदों की समिति भी विभागवार गठित करनी होती हैं। लेकिन फिलहाल पार्षदों की समिति गठित नही हुई है। सभापति श्याम शर्मा ने बताया कि, पार्षदों की समिति भी जल्द गठित की जाएगी। प्रस्ताव पर सहमति बन गई है। जिसे सामान्य सभा में रखा जाएगा।

### शहरीय बजट का इंतजार

भाजपा ने नगरनिगम चुनाव में डेढ दर्जन से अधिक बिन्दुओं पर वादे किए थे। ऐसे में लोगों को बजट का बेसब्री से इंतजार भी है। इसमें प्रमुख रूप से संपति में महिलाओं को छूट सहित कई वायदे शामिल है। ऐसे में माना जा रहा है कि, इस बजट में भाजपा के चुनावी वादे का भी जिक्र होगा।

## खबर संक्षेप



### एटक ने इस्पात मंत्री से की लंबित एरियर्स की मांग

**भिलाई।** भिलाई स्टील मजदूर सभा इस्पात मंत्री एचडी कुमार स्वामी के साथ एटक प्रतिनिधि मंडल मिलकर एनएमडीसी का वेतन समझौता कार्यान्वयन और सेल के वेतन समझौता का 39 माह का एरियर भुगतान के मामले में चर्चा की। विलंब से हो कर्मियों को हो रहे नकुसान के बारे में बताया। मंत्री ने समाधान का आश्वासन दिया।प्रतिनिधि मंडल में एटक के उपाध्यक्ष एवं सांसद कामरेड शुब्बारायण, एटक उपाध्यक्ष विद्यासागर गिरि, एटक सचिव वहीदा निजाम, एनएमडीसी के नेता राजेश संधू, बीवी दुर्गा राव एवं उदय कुमार शामिल थे।

### प्रवीण निगम ने ईडी वित्त का लिया कार्यभार

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र में प्रवीण निगम ने गुरुवार को कार्यपालक निदेशक (वित्त एवं लेखा) के पद का कार्यभार ग्रहण किया। पूर्व में वे सेल के कॉर्पोरेट कार्यालय, नई दिल्ली में कार्यपालक निदेशक (वित्त एवं लेखा) के पद पर पदस्थ थे। श्री निगम ने अपनी सेवा यात्रा सेल – आईएसपी में कनिष्ठ प्रबंधक के रूप में आरंभ की। 21 वर्षों तक विभिन्न पदों पर कार्य करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जून 2010 में सहायक महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा - आईएसपी) के पद पर पदोन्नति प्रदान की गई। जून 2014 में वे डीजीएम (वित्त एवं लेखा) बने। 27 सितम्बर, 2019 को श्री निगम को राउरकेला स्टील प्लांट (आरएसपी) में मुख्य महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा) नियुक्त किया गया और फरवरी 2021 में वे मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी पदोन्नत किए गए। फिर ईडी बने।

### रेत-मुरूम खनन पर विधायक रिकेश ने किया तारांकित प्रश्न

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने दुर्ग जिला अंतर्गत खदानों में रेत व मुरूम खनन को लेकर तारांकित प्रश्न किया है। उनको जवाब में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बताया कि दुर्ग जिले में खनिज रेत से 2023 से अब तक 2 लाख 3 हजार रुपए तथा खनिज मुरूम परिवहन अनुमति से कुल 2 करोड़ 29 लाख 65 हजार रूपये राजस्व की प्राप्ति हुई है। विधायक सेन ने सदन में यह भी पूछा कि क्या छत्तीसगढ़ राज्य में रेत व मुरूम खनन प्रतिबंधित है। जवाब में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य में रेत व मुरूम खनन पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया गया है। आपको बता दें कि दुर्ग ज़िले में शिवनाथ नदी से बड़ी मात्रा में रेत निकाली जाती है। इसके आलावा जिले में रेत की 71 खदानें हैं। पर्यावरण विभाग से एनओसी के बाद छह और खदानों को एनओसी मिलने की उम्मीद है। कलेक्टर के निर्देश पर अन्य खदानों की अनुमति के लिए भी पर्यावरण विभाग में आवेदन लगाया गया है।

### उन्नत सेल ग्रीन टाइल्स प्लांट का किया उद्घाटन

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र में उन्नत "सेल ग्रीन पेवर/टाइल्स प्लांट" का कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार ने मंगलवार को उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह में विभिन्न विभागों के मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी, मुख्य महाप्रबंधक तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर उन्नत पेवर/टाइल्स प्लांट की प्रचालन प्रणालियों से अवगत कराया।

## निधन

### उत्तम मगेन्द्र



**गुरूर।** नगर के शिव चौक निवासी प्रतिष्ठित व्यापारी उत्तम मगेन्द्र 65 वर्ष का निधन हो गया, जिसका अंतिम संस्कार गृह नगर गुरुर मे किया गया। वे विजय मगेन्द्र, खिलेन्द्र मगेन्द्र, रेणुका जायसवाल के पिता एवं राजेश्वरी मगेन्द्र के पति थे।

---

**कार्यक्रम : जल जतन पखवाड़ा के अंतिम दिन तांदुला जलाशय के तट पर आयोजन**

# पानी सभी के लिए अनमोल, संरक्षण और संवर्धन करना सबकी जिम्मेदारी

**सभी वर्गों का सहयोग और जनभागीदारी भी आवश्यकः कलेक्टर**







हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जल जतन पखवाड़ा के अंतिम दिन आज जिले के प्रसिद्ध तांदुला जलाशय के मनोरम तट में आयोजित समारोह के अवसर पर कलेक्टर चन्द्रवाल एवं अतिथियों द्वारा पौधारोपण, आसमान में गुब्बारा छोड़कर एवं पोस्टर के माध्यम से संदेश देकर जल, थल एवं नभ में पानी के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए जागरूक किया गया।

समारोह में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, वनमण्डलाधिकारी बीएस सरोटे, उप वनमण्डलाधिकारी डिम्पी बैस सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी–कर्मचारियों के अलावा स्व सहायता समूह की महिलाएं, पत्रकार एवं बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित थे। इस अवसर पर जिला प्रशासन के अभिनव प्रयासों से जल, थल एवं नभ में पानी के संरक्षण एवं संवर्धन के संदेश के व्यापक प्रचार–प्रसार से समूचा वातावरण जल जतन अभियान से सराबोर हो गया था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल ने कहा कि पानी मनुष्य के अलावा पेड़, पौधों, पशु–पक्षियों सहित सभी जीव जगत के लिए अत्यंत आवश्यक एवं अनमोल है।

उन्होंने कहा कि हमारे आने वाली भविष्य की रक्षा के लिए पानी का विवेकपूर्ण उपयोग एवं इनका संरक्षण एवं संवर्धन सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण एवं संवर्धन के उपाय करना केवल शासन एवं प्रशासन की बस की बात नहीं है अपितु इस कार्य में समाज के सभी वर्गों का सहयोग और जनभागीदारी भी नितांत आवश्यक है। चन्द्रवाल आज जिला प्रशासन द्वारा जिले में पानी के संरक्षण एवं संवर्धन के उपाय सुनिश्चित करने हेतु 12 से 21 मार्च से चलाए जा रहे जल जतन पखवाड़ा के अंतिम दिन आज तांदुला जलाशय के तट पर आयोजित जल जतन पखवाड़ा के समापन समारोह के अवसर पर अपना उद्गार व्यक्त कर रहे थे।

### गुरूर विखं क्रिटिकल जोन में शामिल

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने कहा कि जिले के गुरूर विकासखण्ड में भूजल स्तर अत्यंत नीचे चले जाने से वर्तमान में पूरे प्रदेश में गुरूर विकासखण्ड क्रिटिकल जोन में शामिल है। इसे ध्यान में रखते हुए पूरे जिलेवासियों को पानी के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए सचेत रहने की आवश्यकता है। पखवाड़े में सभी का सहयोग मिला। वनमण्डलाधिकारी बीएस सरोटे ने कहा कि पानी हम सभी के लिए अमूल्य है। उन्होंने कहा कि जल है तो हमारा वर्तमान एवं भविष्य सुरक्षित है।






### अधिकारी-कर्मचारियों को किया सम्मानित

जिला प्रशासन द्वारा जल संरक्षण अभियान एवं जल जतन पखवाड़ा को सफल बनाने में उल्लेखनीय भूमिका निर्वाह करने वाले अधिकारी–कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में लाईवलीहुड कॉलेज पाकुरभाट के प्रशिणार्थियों के द्वारा जल संरक्षण के उपायों के संबंध में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी गई। इस अवसर पर कलेक्टर, सीईओ जिला पंचायत, वणण्डलाधिकारी एवं अधिकारियों ने तांदुला जलाशया का भ्रमण कर आम जनता को जल संरक्षण का संदेश भी दिया।

### जल जतन पखवाड़ा का सफलतापूर्वक आयोजन

कलेक्टर चन्द्रवाल ने कहा कि आम जनता के सहयोग से जिले में 12 मार्च से आज 21 मार्च तक सफलतापूर्वक जल जतन पखवाड़ा का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि इस महत्वपूर्ण अभियान में समाज के सभी वर्ग के लोगों ने अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की है। चन्द्रवाल ने कहा कि आगे भी जिले में यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। चन्द्रवाल ने पानी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारे पास उपयोगी पानी के स्त्रोत बहुत ही सीमित है। उकिसानों द्वारा ग्रीष्मकालीन धान के बदले अन्य फसलों का उत्पादन किया जा रहा है जो कि बहुत ही सराहनीय है। जिले में आयोजित विभिन्न गतिविधियों में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं उनकी संपूर्ण टीम के कार्यों की भूरी–भूरी सराहना की।

---

# पेंशनर्स संघ ने किया होली मिलन समारोह का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ जिला शाखा बालोद के पेंशन भवन में नवनिर्वाचित पदाधिकारी एवं अधिकारियों का सम्मान एवं होली मिलन समारोह हुआ।

नव निर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, उपाध्यक्ष कमलेश सोनी एसबीआई बालोद के शाखा प्रबंधक गौरव भटनागर, जिला कोषालय अधिकारी मुकुंद सिंह भारद्वाज, सहायक कोषालय अधिकारी द्वय नेमेंद्र देशमुख एवं रोशन मांझी, नगर पालिका परिषद की पार्षद पुष्पा साहू, गोमती रात्रे एवं श्यामा यादव को सम्मानित किया गया। प्रतिभा चौधरी ने कहा कि किसी अपनों ने हमें याद कर सम्मानित करने का फैसला किया। पेंशनर संघ के पदाधिकारियो ने होली के इस पावन पर्व पर आनंद और उल्लास से आलोकित करने वाली होली मिलन समारोह का आयोजन कर हमें आह्लादित किया, पेंशनर संघ के उपाध्यक्ष बलराम साहू अपने सहयोगियों के साथ वाद्य यंत्रें एवं होली गीतों का संग्रह लेकर उपस्थित थे।

इस दौरान प्रोफेसर डीआर वैद्य, जेपी देशमुख साहित्यकार, बीआर साहू संगीतकार, पीएल देशमुख, बीआर बेलसर, आरके साहू, एनके सुपेत, डॉ आरएम चावड़ा, डीडी साहू, दशरथ कलिहारी, सीआर साहू, यूएस ठाकुर, घासी राम दीपक, जितेंद्र आर्य, भूपेंद्र सोनबोईर, वीएस पद्माकर, रंभा मांडवी, पुष्पा साहू, गीता हिरवानी, सावित्री साहू उपस्थित थे।



# अग्निवीर भर्ती रैली का परिणाम 22 को

**बालोद।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में 4 से 12 दिसंबर तक आयोजित अग्निवीर भर्ती रैली का परिणाम 22 मार्च 2025 को घोषित कर दिया जाएगा, जो कि इस साल भारतीय सेना में अग्निवीर बनकर देश की सेवा करेंगे। यह परिणाम जॉइन इंडियन आमएँ पर उपलब्ध होगा और सेना भर्ती कार्यालय रायपुर के नोटिस बोर्ड पर भी प्रदर्शित किया जाएगा। सभी चयनित अभ्यार्थियों को 24 मार्च 2025 को सुबह साढ़े 6 बजे सेना भर्ती कार्यालय रायपुर जो कि शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय किकेट स्टेडियम, नया रायपुर के पास स्थित है, वहां प्रारंभिक ब्रीफिंग और डिस्पैच प्रलेखन के लिए उपस्थित होना जरूरी है। इन सभी सफल अभ्यार्थियों की ट्रेनिंग 01 मई 2025 से अलग–अलग ट्रेनिंग सेंटर में शुरू होगी। भारतीय सेना में चयन निष्पक्ष, पारदशएँ और केवल योग्यता के आधार पर होता है। दलालों से सावधान रहें।

# पर्यावरण प्रेमियों ने सीड बाल बनाकर जंगलों एवं खाली मैदानों पर फेंका





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

21 मार्च विश्व वानिकी दिवस जिसे हम अंतराष्ट्रीय वन दिवस के रूप में जानते है, पर्यावरण प्रेमियों ने सीड बाल बनाकर जंगलो एवं खाली मैदानो मे फेंका, यह बीज बारिश के दिनो मे अंकुरित होकर पौधे बनेंगे। इस दौरान वक्ताओ ने कहा मुख्य उदेश्य लोगो वन के महात्व को बताना कि सभी का जीवन वन से संभव है। आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करना वर्तमान में जंगलों आग से बचाना होगा। बारिश के पूर्व करंज, कुसुम, आम, के बीज को जंगल में डालना होगा ताकि बारिश के बाद में पौधा अंकुरित हो सके हम सब का कर्तव्य है पर्यावरण का संरक्षण करना।

# पंचायत प्रतिनिधियों ने कराया न्योता भोज



**डौंडीलोहारा।** समीपस्थ ग्राम बगईकोन्हा सिरपुर के प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला में नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा नेवता भोज का आयोजन किया गया, जिसमें सभी छात्रों को खीर, पूड़ी, छोले, पापड़ के साथ संपूर्ण भोजन परोसा गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत बगईकोन्हा के नवनिर्वाचित सरपंच सेवंत कुमार नेताम, उपसरपंच माधो राम मानकर, उचित मूल्य दुकान के संचालन कर्ता नेम सिंह साहू, सचिव पवन कुमार टेंभुर्ने और पंचगणों के साथ-साथ प्राथमिक और माध्यमिक शाला के समस्त स्टाफ उपस्थित थे।

# एमए छत्तीसगढ़ी छात्र संगठन ने की महापौर से मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

■ छत्तीसगढ़ भाषा को अपनाने सहित विभिन्न मुद्दों पर की चर्चा



एम ए छत्तीसगढ़ी छात्र संगठन लगातार छत्तीसगढ़ी भाषा को भाषाई रूप से स्थापित करने के कार्य मे लगी हुई है तथा विभिन्न कार्यक्रमों, आयोजनों के माध्यम से सरकार को छत्तीसगढ़ी के प्रति ध्यान आकर्षित करती रहती है। इसी तारतम्य मे संगठन महामंत्री विनय बघेल ने महापौर मीनल चौबे जी से कुछ मांगे रखी जो इस प्रकार है, प्रदेश के साहित्यकारों, नवकलमकारों के गोष्ठी, पुस्तक विमोचन कार्यक्रम आदि के लिए भवन की व्यवस्था, तथा ट्रिपल पी अर्थात पब्लिक, प्राइवेट, पार्टनरशिप के तहत टाउनहॉल, आनंद वाचनालय या सप्रे शाला भवन को आरक्षित करने सहित निगम कार्यालय मे छत्तीसगढ़ी भाषा को उचित सम्मान दिलाने के लिए काम-काज, नोटशीट तथा आवेदन-निवेदन पत्रों को मातृभाषा छत्तीसगढ़ी मे लिखने-लिखवाने हेतु निवेदन किया गया। जिसे महापौर द्वारा सहज ही स्वीकार कर अपने निगम स्थित कार्यालय मे तुरंत छत्तीसगढ़ी में जय जोहार आप मन छत्तीसगढ़ी मे गोठियाहु ता बने लागही लिखवा कर मातृभाषा छत्तीसगढ़ी को सम्मान दिया।

---

**निर्धारित प्रक्रिया के तहत सुव्यवस्थित संचालित हो रही है परीक्षाएं**

# बोर्ड पैटर्न में हो रही परीक्षा, बालक के साथ पालक व शिक्षक भी सजग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर





शासन द्वारा 5 वी एवं 8 वी को बोर्ड पैटर्न में केंद्रीकृत परीक्षा 2025 इस वर्ष प्रारंभ होने से आम जनता की मुरादे पूरी होते नजर आ रही है। जब से शासन ने इन कक्षाओ की बोर्ड परीक्षा बंद की तब से गुणवत्ता की दृष्टि से विधार्थियो में आम तौर पर शिथिलता नजर आने लगी थी। जो पालकों के बीच आम चर्चा रही। इस वर्ष 17 मार्च 2025 से पांचवीं एवं 18 मार्च 2025 से आठवीं की केंद्रीकृत परीक्षा 2025 प्रारंभ हुई है।

संकुल समन्वयक रूपेश साहू ने बताया कि जामगांव आर संकुल केंद्र के 7 प्राथमिक स्कूल के 139 विद्यार्थी में से 138 विद्यार्थी एवं 4 मिडिल स्कूल के122 विद्यार्थियों में से 121 विद्यार्थी परीक्षा दे रहे है। जामगांव आर प्राथमिक स्कूल का 1 विद्यार्थी और बोरवाय मिडिल स्कूल का 1 विद्यार्थी अन्यत्र प्रवास पर होने के कारण परीक्षा से वंचित है। इन स्कूलों में सरस्वती शिशु मंदिर जामगांव आर प्राथमिक एवं मिडिल स्तर पर प्राइवेट है शेष सभी स्कूल शासकीय है। सभी स्कूलों में शिक्षा विभाग द्वारा नियुक्त केंद्राध्यक्ष परीक्षा को विधिवत सम्पन्न करा रहे है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तर पर एक तिथि पर समान समय में पांचवीं प्रातः 9 से 11 बजे और आठवीं 9 से 12 बजे परीक्षा ली जा रही है। पांचवीं की परीक्षा 27 मार्च एवं आठवीं की परीक्षा 3 अप्रैल 2025 को समाप्त होगी। परीक्षाएं निर्धारित प्रक्रिया के तहत सुव्यवस्थित संचालित हो रही है।

**ब्लॉक से बाहर होनी हैं पेपर की जांच :** संकुल समन्वयक रूपेश साहू ने बताया कि प्रश्न पत्र में ही उत्तर लिखने के लिए व्यवस्था बनाई गई है। केंद्राध्यक्ष थाने में रखे प्रश्न पत्र प्राप्त कर परीक्षा के समय पर वितरित करते है और पेपर पूर्ण होते ही संकलित कर कपड़े के बने पार्सल थैले में भरकर शील बंद कर ब्लाक स्तर समन्वय केंद्र में संकुल अधिकारी के माध्यम से जमा कर दिए जाने की व्यवस्था है। बोर्ड पैटर्न में ब्लॉक से बाहर पेपर जांच होना है। सारा कार्य जिला शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन किया जा रहा। जामगांव आर संकुल अंतर्गत जामगांव आर खोला, बोरवाय, औरी, मोहभट्ठा, भंसुली के प्राथमिक मिडिल स्कूल आते है।

### आपसी चर्चा में प्रसन्न दिखे विद्यार्थी

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर प्राचार्य पीएल बारले ने बताया कि शासन और सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ रायपुर के मार्गदर्शन में विद्यालय केंद्रीकृत परीक्षा 2025 में विद्यालय शामिल हुआ। परीक्षा के बाद विद्यालय के बाहर आकर बड़े प्रसन्न मुद्रा में ग्रुप में चर्चा करते देखे जा रहे है। दोनों कक्षाओं का गणित पेपर हो चुका है शुक्रवार को पांचवीं के अंग्रेजी का पेपर हुआ, शनिवार को आठवीं के हिंदी का पेपर है।

### बोर्ड परीक्षा से आई सजगता

सेवानिवृत हेडमास्टर के आर बसोर ने कहा कि परीक्षा बच्चों को पढ़ाई के लिए स्वस्फूर्त सजग करती है और बोर्ड परीक्षा का नाम लेते ही विद्यार्थी अधिक सजग होकर तैयारी में जुट जाते है जब से 5 वी 8 वी बोर्ड परीक्षा होना बंद हुआ विद्यार्थियों में पढ़ाई के प्रति रुचि कमजोर पड़ती देखी गई। लेकिन अब महसूस होने लगा है कि बोर्ड के पैटर्न में हो रही केंद्रीकृत परीक्षा ने विद्यार्थियों को सजगता का एहसास कराया, साथ ही बोर्ड परीक्षा का असर पालकों व शिक्षकों में भी दिखने लगा है।



## जल संरक्षण और संवर्धन के लिए जल जतन





**बालोद।** जिले में जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए लोगों को जागरूक करने जल जतन अभियान अंतर्गत जल जतन पखवाड़ा का आयोजन कर विभिन्न कार्यक्रमों एवं गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है।

जिले में चलाए जा रहे जल जतन पखवाड़ा के अंतिम दिन आज बालोद विकासखण्ड के ग्राम टेकापार स्थित सिंचाई नहर में जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए लोगों में जागरुकता लाने श्रमदान कर सफाई किया गया। श्रमदान के माध्यम से सिंचाई नहर की सफाई में कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, उप संचालक पंचायत आकाश सोनी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, बिहान की महिलाएं और बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अपनी सामूहिक भागीदारी निभाते हुए श्रमदान किया।

### अफसर-ग्रामीणों ने ली शपथ

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने इस दौरान उपस्थित लोगों को जल का महत्व बताते हुए सामुदायिक सहभागिता से हर घर में सोख्ता गड्ढा का अनिवार्य रूप से निर्माण कराने की बात कही। इस दौरान उपस्थित सभी लोगों ने जल संरक्षण एवं संवर्धन की शपथ भी ली।



### सामूहिक भागीदारी पर जोर

उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन बालोद द्वारा जिले में 12 मार्च से 21 मार्च तक जल जतन अभियान के अंतर्गत जल जतन पखवाड़ा चलाया जा रहा है। इस दौरान जन सहयोग एवं विभिन्न विभागों के सामूहिक भागीदारी से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर ग्रामीणों को पानी के संरक्षण एवं संवर्धन के उपायों की जानकारी दी जा रही है। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, ग्राम पंचायत के पदाधिकारी, बिहान की महिलाएं और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### ठेठवार यादव समाज बालोद राज का वार्षिक अधिवेशन 13 अप्रैल को

**बालोद।** ठेठवार यादव समाज बालोद राज का वार्षिक अधिवेशन अब 13 अप्रैल को आयोजित होगा। यह आयोजन बालोद के गंजपारा स्थित ठेठवार भवन में होगा। सभी मंडल अध्यक्ष एवं ग्राम प्रमुखगण, 13 अप्रैल को महा अधिवेशन के दिन तीन वर्षीय कार्यकाल के लिए अध्यक्ष, महासचिव, कोषाध्यक्ष तीन प्रमुख पदाधिकारियों का चयन करेंगे। महासचिव पवन यादव ने बताया कि पदाधिकारियों के चुनाव हेतु पूर्व निर्धारित नियमावली में संशोधन किए गए हैं चुनाव के इच्छुक उम्मीदवार चुनाव के नामांकन के पूर्व नियम एवं शर्तों की जानकारी महासचिव से कार्यालय में प्राप्त कर लेंगे। समाज के प्रतिभावान छात्र–छात्राएं तथा त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में ठेठवार समाज के विजयी उम्मीदवारों की सूची भी 1 अप्रैल 2025 तक जमा करेंगे। बालोद राज के अध्यक्ष नरेंद्र प्रसाद ने सभी सामाजिक बंधुओं एवं मातृशक्तियों को अधिक से अधिक संख्या में वार्षिक अधिवेशन में शामिल होने का आग्रह किया है।

### मनौद में कर्मा जयंती एवं रामायण सम्मेलन का आयोजन 25 को

**बालोद।** ग्राम मनौद में कर्मा जयंती के अवसर पर 25 मार्च को कर्मा जयंती एवं रामायण सम्मेलन का आयोजन किया गया है। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बालोद प्रतिभा चौधरी होगी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू, विशेष अतिथि जिला पंचायत बालोद सदस्य पूजा साहू, जनपद सदस्य बालोद माहेश्वरी ठाकुर, वरिष्ठ नागरिक कृषक मनौद बलदेव सिंह ठाकुर, वरिष्ठ कृषक आत्माराम यादव, संरक्षक परीक्षेत्रीय साहू समाज तिलोचन साहू, तहसील साहू समाज महिला प्रकोष्ठ हेमलता साहू होंगे। समापन समारोह में मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत मनौद सरपंच चुम्मन लाल सोनकर होंगे। अध्यक्षता उप सरपंच ग्राम पंचायत मनौद तुषार सोनकर करेंगे। विशेष अतिथि ग्राम प्रमुख मनौद योगेंद्र ठाकुर, पंच मनौद खुमनू ठाकुर, गिरधर साहू होंगे। जिसमे प्रथम मंचस्थ मंडली मे तुलसी मानस मंडली ग्राम मनौद, दितीय मानस मंडली भक्ति सागर ग्राम मनौद, तृतीय मानस मंडली सेमहरतरा राजिम अपनी प्रस्तुती देगी। महाप्रसादी भंडारा संध्या 6:30 बजे से साहू समाज मनौद द्वारा आयोजन किया गया है।

**परेशानी : नलों से घर-घर पहुंचना था पानी, लेकिन पानी की जगह सिर्फ मिल रही है हवा**

# जल जीवन मिशन योजना का नहीं मिल रहा लाभ, शोपीस बनी अधूरी पानी टंकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

जल जीवन मिशन के तहत जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत सभी परिवारों के घर शुद्ध पेयजल पहुंचाएं जाने पानी टंकी का निर्माण व नल कनेक्शन लगाया गया है, लेकिन समयावधि बीत जाने के पश्चात भी हकीकत में लोगों को इस योजना का लाभ नही मिल पा रहा है।

ग्रामीण क्षेत्रों में करोड़ो रुपयों की लागत से पानी टंकी का निर्माण तो कर दिया है लेकिन पानी टंकी में पानी की व्यवस्था करने की दिशा में कोई सार्थक कदम अब तक नही उठाया गया है, योजना को पूरा करने के नाम पर कही भी बोर खनन का कार्य कर दिया गया जिसके कारण बोर से पानी के स्थान पर सिर्फ हवा निकल रही है, वर्तमान मार्च माह के प्रारंभिक दिनों में ही पड़ रही तेज गर्मी के कारण गांव के तालाब एवं बोर पंप भी सूखने लगे है, ग्रामीणों को पेयजल के साथ निस्तारी समस्या का भी सामना करना पड़ रहा है।



### जर्जर स्थिति में पानी टंकी

ग्राम पंचायत अंडी के सरपंच संतोष चोपड़ा ने कहा की अंडी में करोड़ो की राशि की लागत से पानी टंकी का निर्माण में पूरा भर्राशाही चला है, चार सालों में यह पानी टंकी शो पीस बनकर जर्जर स्थिति मे हो गया है, ठेकेदार का कोई अता पता नहीं है की कौन टंकी का निर्माण कर रहा है,पानी टंकी का कालम धरसा जमीन पर निर्माण होने से आधा अधूरा में ही टूट कर गिरने लगा है आज स्थिति ऐसी है की अंडी में पानी की कमी को लेकर एक दूसरे से झगड़ने लगे है। अंडी सरपंच ने कहा की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा ग्राम जनता के हित में जल जीवन मिशन प्रारंभ तो किया गया लेकिन स्थानीय स्तर पर जिम्मेदार लोगों द्वारा योजना को मूर्त रुप देने के बजाय सिर्फ निर्माण कार्य को आनन फानन में निपटाने के लिए किए गए कार्यो के चलते जमीन स्तर पर आम जनता को सार्थक लाभ आज तक नही मिल पाया है, वही करोड़ो रुपयों की लागत से बनाई गई पानी टंकी सिर्फ शो पीस बनकर रह गया है।

### कलेक्टर से शिकायत करने की तैयारी

अनेक ग्रामों में पानी टंकी निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाते रहे है वही पाइप लाइन विस्तार कार्य पूर्ण होने के पश्चात भी खोदे गए गड्डों को समय पर समतल नही किये जाने तथा अब तक योजना का कोई सार्थक लाभ नही मिलने से ग्रामीणों में शासन प्रशासन के प्रति आक्रोश के स्वर उभरने लगे है। जिसकी शिकायत कलेक्टर से करने की तैयारी की जा रही है।

## चौथे दिन भी पंचायत सचिवों की हड़ताल जारी, सरपंचों के छूट रहे पसीने



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

सचिवों की हड़ताल के कारण पद संभालते ही सरपंचो के लिए मुसीबतें खड़ी हो गई है। विकासखण्ड मे लगभग सभी सरपंच पहली बार पद में आए है, इससे उन्हे ग्राम की समस्या को हल करने मे परेशानी होने लगी है।

गर्मी लगातार अपना रौद्र रूप दिखा रही है, मनाही के बाद भी कई ग्रामों में किसानो ने धान की फसल ली है, जिससे पेयजल संकट गहराने लगा है, लगातार भू–जल गिर रहा है, सचिवो के हड़ताल के कारण ग्राम मे पेयजल की व्यवस्था करने मे नवनिर्वाचित सरपंचो को पसीने आ रहे है। इधर प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री आवास का सर्वे करा रही है, 30 मार्च तक सर्वे कार्य पूर्ण करना है, हड़ताल के कारण इस कार्य मे भी बाधा आ रही है, हालांकि जनपद प्रशासन वैकल्पिक व्यवस्था कर सर्वे कार्य को गति देने का प्रयास कर रही है, लेकिन सचिवो के हड़ताल के कारण कार्य प्रभावित हो रहा है। पंचायत सचिव विधानसभा चुनाव के समय भाजपा द्वारा घोषित मोदी की गारंटी कार्ड मे उल्लेखित गारंटीयो को पूरा करने की मांग कर रहे है, सचिव संघ अध्यक्ष पन्नालाल सिन्हा ने कहा पंचायत सचिव प्रदेश एवं केन्द्र सरकार की योजना को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की मुख्य कड़ी है, सचिव बिना रूके लगातार कार्य करता है, अवकाश मे भी वह कार्यो का संपादन करता है, लेकिन सचिवो को अब भी अपने मूलभूत अधिकारो के लिए संघर्श करना पड़ रहा है, हमारे कई साथी सेवानिवृत्त हो गए है, आज वे अपने भविष्य को लेकर चिंतित है, उनके समक्ष जीवकोपार्जन का मजबूत व सुरक्षित आधार नही है, जीवनभर सरकार की सेवा करने के बाद बुढ़ापे में सचिव बेसहारा हो रहे है।

## मढ़ियापारा में की गई स्वर्गीय अजय गुरु की मूर्ति स्थापना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

बघुवा जस मंडली के तत्वावधान में आयोजित पुरखा के सुरता आदरणीय गुरुदेव स्व अजय उस्ताद जी के श्रद्धांजली कार्यक्रम ग्राम मढ़ियापार नगपुरा मे रखा गया था 20 मार्च गुरुवार को जिसमे सभी जस गीत रचनाकार एवं गायक का आगमन हुआ।

जिसमें सभी कलाकारों का मंगल वर्मा रचनाकार एवं गायक एवं बघुवा परिवार के समस्त कलाकारों के द्वारा पुष्प माला एवं श्री फल के द्वारा सम्मानित किया गया। जिसमें जस सम्राट दुकालू यादव जी, डेविड निराला, पुरन साहू, जस सम्राट रामाधार सारथी, सुनील सिहोरे जी, रचनाकार उभयराम बहतीदरीया, तारा सिंह चौहान, हर्ष कुमार बिंदू, कमलेश सिन्हा, कठोलीया, चेतन बघधरा, मनोज कुमार पटेल, लक्ष्मण बाबा, नारायण साहू, सुरेश ठाकुर, अविनाश सपहा (मीडिया प्रभारी)आदि कलाकारों का बघुवा जस परिवार के द्वारा सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में जस एवं फाग मंडली के कलाकारों ने जस गीत गाकर सभी ग्रामवासी का मनमोह लिया एवं रात्रि में जस झांकी परिवार के द्वारा बड़े ही अच्छे अच्छे झांकी का भी आयोजन किया गया था यह जानकारी बघुवा परिवार के मंगल वर्मा रचनाकार एवं उस्ताद अशोक देवांगन ने दी।

# शीतला माता की दर पर होली मिलन समारोह

**पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ आयोजित किया गया होली मिलन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम संजारी के शीतला माता मंदिर प्रांगण में सरपंच एवं ग्रामवासियों द्वारा होली मिलन समारोह हर्षोल्लास और पारंपरिक रीति–रिवाजों के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि बालोद के नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र



चंद्राकर थी, कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख ने की, विशेष अतिथि दिलीप शर्मा भाजपा जिला कोषाध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य चुन्नी मानकर, प्रभा नायक, जनपद अध्यक्ष डॉडीलोहारा कांति सोनबरसा, नगर पंचायत अध्यक्ष डांडीलोहारा कुमार निवेन्द्र सिंह टेकाम, कुसुम शर्मा, विवेक वैष्णव, टिनेश्वर बघेल, रुपेश सिन्हा, सरपंच स्नेहा भूआर्य, सुरेश केसरवानी, हेमलाल देशलहरा, नेहरू भूआर्य, श्यामलाल कमरिया सहित कई वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग शामिल हुए।

**मेलजोल और सौहार्द का पर्व होली :** इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने कहा कि होली मेलजोल और सौहार्द का पर्व है, उन्होंने कहा कि जैसे होली पर्व में विभिन्न रंग एक साथ मिल जाते हैं वैसे ही समाज के सभी वर्ग एक साथ मिलकर विकास की राह पर आगे बढ़ सकते हैं। उन्होंने आने वाले समय में समाज के हर वर्ग के साथ मिलकर काम करने का संकल्प लिया तथा सभी से समाज में शांति और भाईचारा बनाये रखने पर जोर दिया और आमंत्रण व सम्मान के लिए सभी आयोजकों का आभार जताया। मौके पर बड़ी संख्या में नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी तथा ग्रामवासियों की उपस्थिति रही।





### अबीर-गुलाल से लोगों का स्वागत

समारोह में सैकड़ों की संख्या में लोग एकत्रित हुए, जिससे पूरा माहौल उत्सवी और रंगीन हो उठा। समारोह की शुरुआत गुलाल और फूलों की होली से हुई, मेहमानों का स्वागत अबीर–गुलाल लगाकर किया गया, जिसके बाद पारंपरिक गीतों की धुन पर माहौल रंगीन हो उठा। मौके पर लोगों ने उत्साह के साथ होली मिलन का लुत्फ़ उठाया।

### चैत्र नवरात्रि की तैयारी समीक्षा पर बैठक 23 को

**लाटाबोड़।** समस्त सम्मानित सदस्यों को सूचित किया जाता है कि 23 मार्च रविवार को समय दोपहर 2 बजे से मंदिर ट्रस्ट चौरेल की आवश्यक बैठक रखा गया है जिसमें आप सभी सम्मानित सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य है समिति के अध्यक्ष नितीश मोंटी यादव ने बताया की बैठक मे चैत्र नवरात्रि 2025 की तैयारी समीक्षा के साथ ही अन्य विषयों पर अध्यक्ष एवं सदस्यों के विचार विमर्श अनुसार किया जायेगा।




### गोस्वामी समाज का प्रांतीय सम्मेलन कल से

**भिलाई।** छग दशनाम गोस्वामी समाज का दो दिवसीय वार्षिक अधिवेशन (महासभा सम्मेलन)का आयोजन शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल गनियारी शनिवार और रविवार को किया जा रहा है। वरिष्ठ समाजसेवियों का सम्मान, विवाह योग्य युवक युवती परिचय सम्मेलन भी किया जायेगा। उद्घाटन समारोह 22 मार्च को भिलाई चरौदा नगर निगम के महापौर निर्मल कोसरे के मुख्य आतिथ्य में होगा।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## संकुल केन्द्र सहगांव ने परीक्षार्थियों को प्रदान किए पेपर बोर्ड और पेन



**डौण्डीलोहारा।** संकुल केंद्र सहगांव की ओर से संकुल प्राचार्य बी. एस. रावटे व संकुल समन्वयक गिरीश कुमार निर्मोही द्वारा संकुल केन्द्र के अन्तर्गत आने वाले कक्षा पांचवी व आठवीं के सभी बच्चों को परीक्षा पेपर बोर्ड तथा पेन प्रदान की गई। परीक्षा संबंधी आवश्यक सामग्री प्राप्त कर सभी बच्चे खुश हुए। इस पुनित कार्य के लिए संकुल के सभी शिक्षक/ शिक्षिकाओं ने हृदय से धन्यवाद दिए। इस अवसर पर के.एल.चुरेन्द्र, शरद मालेकर, नीलिमा राम, होमलाल पटेल, प्रीति चौहान, विजय कुमार पटेल, केशर अलेन्द्र, दीपा आमदो, राधा जानयक, अमित सिन्हा, नेतराम हिरवानी, शेखर ठाकुर, राजेश्वरी गांवडे, शहनाज़ बेगम, योगिता ठाकुर, ज्योति देवांगन, कामिनी भुआर्य आदि उपस्थित थे।




